क्या आप अपने किसी परिचित में आए बदलावों को लेकर चिंतित हैं?



यह समझना मुश्किल हो सकता है कि क्या करें

बदलाव कई कारणों से हो सकते हैं। यह जानना मुश्किल हो सकता है कि क्या ये बदलाव किसी के जीवन में हो रही घटनाओं की सामान्य प्रतिक्रिया हैं या किसी हानिकारक प्रभाव का संभावित संकेत हैं।

यदि कोई व्यक्ति दोस्तों और परिवार से दूर होता जा रहा है, सामान्य से अधिक क्रोधित हो रहा है, या कुछ विचारों या नई मान्यताओं पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है, तो चिंतित होना स्वाभाविक है।

संपर्क करने से पहले आपको निश्चित होने की आवश्यकता नहीं है। अगर कुछ ठीक नहीं लग रहा है, तो बस इतना ही काफी है।

STEP TOGETHER आपकी मदद के लिए मौजूद है

Step Together उन लोगों के लिए एक नि:शुल्क सहायता सेवा है, जो अपने किसी परिचित में आए बदलावों को लेकर चिंतित हैं।

आप एक सुरक्षित माहौल में बिना किसी भेदभाव के व्यावहारिक सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते/ती हैं।

हम इन बातों में आपकी मदद कर सकते हैं:

- दिखाई देने वाले बदलावों को समझना
- यह समझना कि कब किसी बात पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है
- बातचीत शुरू करने के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना
- व्यावहारिक अगले कदमों पर विचार करना
- आवश्यकतानुसार आगे की सहायता से जुड़ना।

आज ही बातचीत शुरू करें

कुछ व्यक्ति-विशेष या समूह जानबूझकर ऐसी चरमपंथी मान्यताओं को बढ़ावा देकर दूसरों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं, जो लोगों को एक-दूसरे के विरुद्ध कर देती हैं, कुछ समूहों को समस्याओं के लिए दोषी ठहराती हैं, या हिंसा के स्वीकार्य होने का सुझाव देती हैं।

जब चरमपंथी विचारधाराएं हिंसा या हिंसा के समर्थन की ओर ले जाती हैं, तो उसे हिंसक उग्रवाद कहा जाता है।

हिंसक उग्रवाद को रोकने की शुरुआत बदलावों को पहचानने, सवाल पूछने और जल्द से जल्द सलाह लेने से होती है।

अगर कुछ भी असामान्य या चिंताजनक लगे, तो बातचीत शुरू करने के लिए इतना ही काफी है।

सलाह और सहायता के लिए संपर्क करें:

1800 875 204
पर कॉल करें या www.steptogether.gov.au पर जाएं

और अधिक जानकारी प्राप्त करें

संपर्क में रहें

कनेक्ट करें

@steptogetheraus
@steptogetheraus
@StepTogetheraus
@steptogetheraus

Hindi | हिन्दी

Australian Government

STEP TOGETHER

सीखें बात करें समर्थन करें